
*Think* IAS...

दृष्टि *The Vision*

*Think* Drishti

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग(CGPSC)

# सामान्य अध्ययन (मुख्य परीक्षा) प्रैक्टिस पेपर्स



*दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम (Distance Learning Programme)*

Code: CGPM10

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC)

# सामान्य अध्ययन

## (मुख्य परीक्षा)

## प्रैक्टिस पेपर्स

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष : 8750187501, 011-47532596
टोल फ्री : 1800-121-6260
**Web :** www.drishtiIAS.com
**E-mail :** online@groupdrishti.com

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को “like” करें
www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
www.twitter.com/drishtiias

CGPCS DLP

# विषय सूची (Contents)


| | |
|---|---|
| प्रैक्टिस पेपर-1 ( उत्तर व्याख्या सहित ) | 5–91 |
| प्रैक्टिस पेपर-2 | 92–107 |
| प्रैक्टिस पेपर-3 | 108–122 |
| प्रैक्टिस पेपर-4 | 123–138 |
| प्रैक्टिस पेपर-5 | 139–154 |
| प्रैक्टिस पेपर-6 | 155–170 |
| प्रैक्टिस पेपर-7 | 171–186 |

# प्रैक्टिस पेपर–1

## भाषा ( प्रश्नपत्र–01 )

**समय–03:00 घंटे** **अधिकतम अंक–200**

### भाग–1

**सामान्य हिन्दी**

**( अधिकतम अंक–100 )**

**1. ( क ) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिये। 2**

(i) मध्यकालीन आर्यभाषाओं का विकास काल

(ii) राजभाषा

**( ख ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 5**

(i) आस्तीन का साँप

(ii) एड़ी-चोटी का जोर लगाना

(iii) खून के घूँट पीना

(iv) आँख का काजल बनाकर रखना

(v) आटे-दाल का भाव मालूम होना

**( ग ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिये: 3**

(i) आई तो रोज़ी नहीं तो रोज़ा

(ii) काठ की हाँड़ी बार-बार नहीं चढ़ती

(iii) घर की मुर्गी दाल बराबर

(iv) जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि

(v) बाप मरा अन्हियारे, बेटे का नाम पावर हाउस

(vi) रस्सी जल गई, ऐंठन न गई

**2. ( क ) निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिये। 4**

(i) अंधकार (ii) आकाश

(iii) कामदेव (iv) पक्षी

(v) अनुकूल (vi) ईमानदारी

(vii) कल्पवृक्ष (viii) कीर्ति

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिये। 4**

(i) आर्द्र (ii) खंडन

(iii) मूल्यवान (iv) मूक

(v) अनुक्रिया (vi) उन्नति

(vii) चिंतित (viii) खगोल

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिये। 4**

(i) अक्षत (ii) अष्टाविंशति

(iii) कर्पूर (iv) दधि

(v) अज्ञानी (vi) चंद्रिका

(vii) घटिका (viii) कृष्ण

**3. ( क ) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिये। 6**

(i) गीतांजलि (ii) महाशय

(iii) सूर्योदय (iv) मतैक्य

(v) रोमावली (vi) जीवाश्म

(vii) रत्नाकर (viii) जनादेश

(ix) निशानन (x) शाकाहारी

(xi) अनूदित (xii) स्वेच्छा

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिये। 4**

(i) नील + अंचल (ii) रत्न + अवली

(iii) हरि + ईश (iv) क्रिया + आत्मक

(v) अधि + ईक्षक (vi) मरण + आसन्न

(vii) परि + ईक्षण (viii) मूल्य + अंकन

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कीजिये। 6**

(i) चिड़ीमार (ii) वनवास

(iii) पदच्युत (iv) मंत्रिपरिषद्

(v) सकुशल (vi) चलाचली

(vii) सेवार्थ (viii) शोकाकुल

(ix) मुँहतोड़ (x) दोषपूर्ण

(xi) जातिगत (xii) दिलतोड़

**( घ ) निम्नलिखित का सामासिक शब्द लिखिये। 4**

(i) स्नान के लिये आगार

(ii) सभा के लिये भवन

(iii) समाचार के लिये पत्र

(iv) विधान के लिये सभा

# उत्तर (व्याख्या सहित)

## भाग-1

1. (क) (i) **मध्यकालीन आर्यभाषाएँ:** इन भाषाओं का विकास काल 500 ई.पू. से 1000 ई. तक स्वीकार किया गया है। इस भाग के अंतर्गत निम्नलिखित चरण मिलते हैं जो इस प्रकार हैं-
   - पालि (500 ई.पू. से ईसवी सन् के आरंभ तक)
   - प्राकृत (ईसवी सन् के आरंभ से 500 ई. तक)
   - अपभ्रंश तथा अवहट्ट (500 ई. से 1100 ई. तक)

(ii) **राजभाषा:** राजभाषा शब्द का तात्पर्य है- 'राजा' (शासक) अथवा राज्य (सरकार) द्वारा प्राधिकृत भाषा अर्थात् ऐसी भाषा जो संविधान द्वारा सरकारी कामकाज, प्रशासन, संसद, विधानमंडलों तथा न्यायिक कार्यकलापों के लिये स्वीकृत हो, उसे राजभाषा कहा जाता है।

(ख) (i) **अर्थ:** विश्वासघाती

**प्रयोग:** साथ रहने वाले दोस्त ने एक दिन मौका पाकर मोहन की सारी कीमती वस्तुओं पर हाथ साफ कर दिया, इसे आस्तीन का साँप नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे?

(ii) **अर्थ:** कठिन परिश्रम करना

**प्रयोग:** तुम कितना भी एड़ी-चोटी का जोर लगा लो लेकिन अपराध ऐसा है कि मुकदमे में हार निश्चित है।

(iii) **अर्थ:** बुरी लगने वाली बात को भी सह लेना

**प्रयोग:** पठान यशपाल बाबू को खरी-खोटी सुनाए जा रहा था और लाचार यशपाल खून का घूँट पिये जा रहे थे।

(iv) **अर्थ:** अत्यंत प्रिय बनाकर करीब रखना

**प्रयोग:** नवविवाहित पत्नी सुधा सदैव अपने पति रमेश को आँख का काजल/अंजन बनाकर रखना चाह रही है।

(v) **अर्थ:** दुनियादारी का बोध होना, हकीकत से रूबरू होना

**प्रयोग:** पिता जी की कमाई पर चाहे जितनी मौज उड़ा लो, जब घर-परिवार चलाना पड़ेगा तो आटे-दाल का भाव मालूम हो जाएगा।

(ग) (i) **अर्थ:** कमाया तो खाया, नहीं तो भूखे।

(ii) **अर्थ:** किसी को बार-बार धोखे में नहीं रखा जा सकता।

(iii) **अर्थ:** उपलब्ध चीज़ों को मूल्यवान न समझना, घर में योग्य आदमी न होना

(iv) **अर्थ:** कल्पना का क्षेत्र बहुत व्यापक होता है।

(v) **अर्थ:** क्षमता से अधिक बात करना, झूठी डींग हाकना।

(vi) **अर्थ:** विनष्ट हो जाने पर भी घमंड कम न होना।

2. (क)

(i) **अंधकार**-अंधेरा, अँधियारा, तम, तमस

(ii) **आकाश**-आसमान, अंबर, नभ, गगन

(iii) **कामदेव**-मीनकेतु, मदन, रतिपति, कुसुमशर

(iv) **पक्षी**-खग, पखेरू, शकुंत, नभचर

(v) **अनुकूल**-अनुरूप, अनुसार, मुआफिक, संगत

(vi) **ईमानदारी**-निच्छलता, सदाशयता, दयानतदारी, निष्कपटता

(vii) **कल्पवृक्ष**-मंदार, पारिजात, हरिचंदन, देववृक्ष

(viii) **कीर्ति**-गुणवर्णन, गुणगान, यशोगान, प्रशस्ति

(ख)

| | **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|---|
| (i) | आर्द्र | – | शुष्क |
| (ii) | खंडन | – | मंडन |
| (iii) | मूल्यवान | – | मूल्यहीन |
| (iv) | मूक | – | वाचाल |
| (v) | अनुक्रिया | – | प्रतिक्रिया |
| (vi) | उन्नति | – | अवनति |
| (vii) | चिंतित | – | निश्चिंत |
| (viii) | खगोल | – | भूगोल |

# प्रैक्टिस पेपर–2

## भाषा ( प्रश्नपत्र–01 )

**समय–03:00 घंटे** **अधिकतम अंक–200**

### भाग–1

### सामान्य हिन्दी

**( अधिकतम अंक–100 )**

1. ( क ) (i) डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार 'भाषा' क्या है? 2

(ii) राष्ट्रभाषा को परिभाषित कीजिये।

**( ख ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 5**

(i) कलेजा मुँह को आना

(ii) घी के दीपक जलाना

(iii) लोहे के चने चबाना

(iv) आसमान सिर पर उठाना

(v) ईंट का जवाब पत्थर से देना

**( ग ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिये: 3**

(i) अध जल गगरी छलकत जाए

(ii) एक अनार सौ बीमार

(iii) आए थे हरिभजन को ओटन लगे कपास

(iv) खोदा पहाड़ और निकली चुहिया

(v) चोर की दाढ़ी में तिनका

(vi) एक और एक ग्यारह होते हैं

**2. ( क ) निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिये: 4**

(i) बादल (ii) बिजली

(iii) धरती (iv) चाँद

(v) आश्चर्य (vi) इन्कार

(vii) उजाड़ (viii) कमज़ोर

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिये: 4**

(i) आकर्षण (ii) कनिष्ठ

(iii) कृतज्ञ (iv) प्रवृत्ति

(v) उत्कर्ष (vi) चेतन

(vii) कुलटा (viii) कदाचार

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिये: 4**

(i) काठ (ii) अठारह

(iii) चौपाया (iv) तपसी

(v) आसरा (vi) करतब

(vii) बिच्छु (viii) पाँचवा

**3. ( क ) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिये: 6**

(i) मध्यावधि (ii) रसायन

(iii) अधिकांश (iv) पूर्णांक

(v) उदयाचल (vi) भग्नावेश

(vii) विकलांग (viii) सद्गुण

(ix) स्वास्थ्य (x) दैविक

(xi) वासुदेव (xii) यौगिक

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिये: 4**

(i) भानु + उदय (ii) सदा + एव

(iii) अनु + एषण (iv) सत् + जन

(v) निस् + कलंक (vi) अनु + संगी

(vii) वि + सम (viii) नि + सेध

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कीजिये: 6**

(i) मुनिश्रेष्ठ (ii) यज्ञशाला

(iii) यथाशक्ति (iv) दु:ख सागर

(v) मरणासन्न (vi) कमरतोड़

(vii) आनंदमय (viii) रेखांकित

(ix) कार्यमुक्त (x) रेलभाड़ा

(xi) पाठशाला (xii) धर्मविमुख

**( घ ) निम्नलिखित का सामासिक शब्द लिखिये: 4**

(i) घर के लिये खर्च

(ii) कर्तव्य से विमुख

(iii) डाक के लिये गाड़ी

(iv) अभाव से ग्रस्त

# प्रैक्टिस पेपर–3

## भाषा (प्रश्नपत्र–01)

**समय–03:00 घंटे** **अधिकतम अंक–200**

**भाग–1**

**सामान्य हिन्दी**

**(अधिकतम अंक–100)**

**1.(क) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिये: 2**

(i) लक्ष्य भाषा

(ii) स्रोत भाषा

**(ख) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 5**

(i) कान भरना

(ii) ऊँगली पर नचाना

(iii) नाकों चने चबाना

(iv) कलेजे पर पत्थर रखना

(v) गूलर का फूल होना

**(ग) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिये: 3**

(i) अंधे के हाथ बटेर लगना

(ii) आगे नाथ न पीछे पगहा

(iii) घर का भेदी लंका ढाए

(iv) चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात

(v) थोथा चना बाजे घना

(vi) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

**2.(क) निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिये: 4**

(i) उपहास (ii) तालाब

(iii) भौंरा (iv) तरु

(v) अकाल (vi) अंधा

(vii) इंद्रधनुष (viii) उत्थान

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिये: 4**

(i) कीर्ति (ii) व्यष्टि

(iii) क्षणिक (iv) स्थावर

(v) उपकार (vi) असीम

(vii) आडंबर (viii) उत्पत्ति

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिये: 4**

(i) कुपुत्र (ii) गायक

(iii) भाद्रपद (iv) सौभाग्य

(v) उलूक (vi) कच्छप

(vii) आमलक (viii) अमूल्य

**3.(क) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिये: 6**

(i) रवींद्र (ii) प्राप्तोदक

(iii) नयन (iv) उन्मुख

(v) हस्तांतरण (vi) सर्वांगीण

(vii) सावयव (viii) स्वार्थ

(ix) देशांतर (x) पराधीन

(xi) आमाशय (xii) कामायनी

**(ख) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिये: 4**

(i) अंत्य + अक्षरी (ii) पद + अर्थ

(iii) सत्य + आग्रह (iv) धर्म + आत्मा

(v) स्थान + आपन्न (vi) पित्त + आशय

(vii) गिरि + इंद्र (viii) परि + ईक्षित

**(ग) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कीजिये: 6**

(i) ऋणमुक्त (ii) रामचरित

(iii) अष्टाध्यायी (iv) पंचामृत

(v) निर्विकार (vi) यथाविधि

(vii) प्रत्यक्ष (viii) बखूबी

(ix) नालायक (x) निकम्मा

(xi) प्रत्याशा (xii) नासमझ

**(घ) निम्नलिखित का सामासिक शब्द लिखिये: 4**

(i) ध्वनि की ध्वनि

(ii) जो डरता न हो

(iii) बिना विवाद के

(iv) जितना शीघ्र हो

# प्रैक्टिस पेपर–4

## भाषा (प्रश्नपत्र–01)

**समय–03:00 घंटे** **अधिकतम अंक–200**

### भाग–1
### सामान्य हिन्दी
(अधिकतम अंक–100)

**1. (क) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिये। 2**

(i) वर्णमाला
(ii) स्वर

**(ख) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये। 5**

(i) आटे-दाल का भाव मालूम होना
(ii) चाँदी का जूता मारना
(iii) नमक-मिर्च लगाना
(iv) कोल्हू का बैल होना
(v) कमर टूटना

**(ग) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिये। 3**

(i) कौआ चले हंस की चाल
(ii) दूध का जला छाछ को भी फूँक-फूँक कर पीता है
(iii) लिखे ईसा पढ़े मूसा
(iv) साँप छछुँदर की गति होना
(v) ऊँची दुकान फीका पकवान
(vi) आस्तीन का साँप होना

**2. (क) निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिये। 4**

(i) अधर्म (ii) कृष्ण
(iii) द्रव्य (iv) नियति
(v) अन्वेषण (vi) आक्षेप
(vii) उपकार (viii) कपड़ा

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिये। 4**

(i) अनुरक्त (ii) ज्येष्ठ
(iii) संकल्प (iv) सुबोध
(v) आवर्तक (vi) इहलोक
(vii) गृहस्थ (viii) घात

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिये। 4**

(i) अष्टादश (ii) कृष्ण
(iii) श्यामल (iv) धूम
(v) यज्ञमान (vi) ज्येष्ट
(vii) ग्राम (viii) कदली

**3. (क) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिये। 6**

(i) स्वागत (ii) अभीप्सा
(iii) मुनींद्र (iv) अभ्युदय
(v) सदानंद (vi) गांगेय
(vii) भौतिक (viii) श्रावक
(ix) गायक (x) अन्वेषक
(xi) स्वच्छ (xii) प्रत्येक

**(ख) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिये। 4**

(i) कपि + ईश (ii) अधि + ईश्वर
(iii) सु + उक्ति (iv) योग + इंद्र
(v) भाव + उदय (vi) सर्व + उत्तम
(vii) जन + उपयोगी (viii) लोक + उक्ति

**(ग) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कीजिये। 6**

(i) जितेंद्रिय (ii) मनगंढ़त
(iii) यज्ञवेदी (iv) मालगोदाम
(v) लाजवाब (vi) यथायोग्य
(vii) निमंत्रण (viii) प्रयत्नपूर्वक
(ix) नीरोग (x) प्रतिलिपि
(xi) मरणातुर (xii) मनोहर

**(घ) निम्नलिखित का सामासिक शब्द लिखिये। 4**

(i) कुशलता के साथ
(ii) मरण के उपरांत
(iii) रत्न से जड़ित
(iv) श्रम से साध्य
(v) आदर्श को उन्मुख

# प्रैक्टिस पेपर–5

## भाषा ( प्रश्नपत्र–01 )

**समय–03:00 घंटे** **अधिकतम अंक–200**

### भाग–1
### सामान्य हिन्दी
### ( अधिकतम अंक–100 )

**1. ( क ) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिये। 2**

(i) विशेषण

(ii) उपसर्ग

**( ख ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 5**

(i) गड़े मुर्दे उखाड़ना

(ii) सूरज को दीपक दिखाना

(iii) गुड़–गोबर करना

(iv) खटाई में पड़ना

(v) छाती पर मूँग दलना

**( ग ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिये: 3**

(i) चंद्रमा को भी ग्रहण लगता है

(ii) नक्कारखाने में तूती की आवाज़

(iii) न ऊधो का लेना न माधो को देना

(iv) अंधेर नगरी चौपट राजा

(v) न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी

(vi) साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे

**2. ( क ) निम्नलिखित शब्दों के चार–चार पर्यायवाची लिखिये। 4**

(i) अरण्य (ii) गजानन

(iii) हरिण (iv) शिष्ट

(v) अनुमति (vi) अधर्मी

(vii) अध्यापक (viii) अमृत

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिये 4**

(i) तृष्णा (ii) निर्मल

(iii) विस्तृत (iv) स्वार्थ

(v) उन्मूलन (vi) आदि

(vii) गरिमा (viii) कुमार्ग

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिये। 4**

(i) युक्ति (ii) वत्स

(iii) स्वप्न (iv) हरिद्रा

(v) तिलक (vi) घृत

(vii) गर्मी (viii) कज्जल

**3. ( क ) निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिये। 6**

(i) अत्यावश्यक (ii) सच्चरित्र

(iii) निष्काम (iv) यशोदा

(v) पंचायत (vi) दयानंद

(vii) वार्तालाप (viii) प्रतीक

(ix) गजेंद्र (x) मंजूषा

(xi) शुभेच्छा (xii) नवोदित

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिये। 4**

(i) पम् + चम (ii) प्रयोग + इक

(iii) वेद + इक (iv) भौ + अना

(v) धौ + अक (vi) महा + औषधि

(vii) सर्व + उपरि (viii) लंब + उदर

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों का समास–विग्रह कीजिये। 6**

(i) अवसरानुसार (ii) सौरमंडल

(iii) देशवासी (iv) जगन्नाथ

(v) अनुरूप (vi) प्रतिक्षण

(vii) प्रत्यारोप (viii) विश्वासपूर्वक

(ix) कथनानुसार (x) भागमभाग

(xi) जगसुहाता (xii) जेबकतरा

# प्रैक्टिस पेपर–6

## भाषा ( प्रश्नपत्र–01 )

**समय-03:00 घंटे** **अधिकतम अंक-200**

### भाग-1
### सामान्य हिन्दी
**( अधिकतम अंक-100 )**

**1. ( क ) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिये। 2**

(i) यौगिक शब्द
(ii) योगरूढ़ शब्द

**( ख ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 5**

(i) अपनी खिचड़ी अलग पकाना
(ii) ईद के चाँद होना
(iii) उल्टी गंगा बहाना
(iv) आँखों में खून उतरना
(v) अंगारों पर पैर रखना

**( ग ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिये: 3**

(i) अंधों में काना राजा
(ii) जल में रहकर मगर से बैर
(iii) दान की बछिया के दाँत नहीं गिने जाते
(iv) मन चंगा तो कठौती में गंगा
(v) ऊँट के मुँह में जीरा
(vi) होनहार बिरवान के होते चीकने पात

**2. ( क ) निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिये। 4**

(i) असुर (ii) जल
(iii) पहाड़ (iv) साँप
(v) अनाथ (vi) आपत्ति
(vii) आराम (viii) अवज्ञा

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिये 4**

(i) अधम (ii) आग्रह
(iii) ऋजु (iv) मानवीय
(v) आवृत (vi) आशीर्वाद
(vii) अनुराग (viii) एकाग्र

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिये। 4**

(i) कान (ii) चौथा
(iii) बहू (iv) ससुर
(v) किसान (vi) चौबीस
(vii) दीवाली (viii) पीठ

**3. ( क ) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिये। 6**

(i) वागीश (ii) सच्छास्त्र
(iii) महोत्सव (iv) अन्वेषण
(v) विनायक (vi) व्याकरण
(vii) अभ्यर्थी (viii) मुनीश्वर
(ix) कारावास (x) विजयाकांक्षी
(xi) सावधान (xii) सहानुभूति

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिये। 4**

(i) स्व + अर्थ
(ii) विवाद + आस्पद
(iii) गुरूत्व + आकर्षण
(iv) रचना + आत्मक
(v) अधि + इन
(vi) भोजन + इच्छुक
(vii) हित + उपदेश
(viii) अति + अंत

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कीजिये। 6**

(i) अमृतधारा (ii) आपत्तिजनक
(iii) मनोविकार (iv) विधान परिषद्
(v) प्रतिघात (vi) अनुगमन
(vii) मारामारी (viii) अतिरिक्त
(ix) सुनासुनी (x) नरभक्षी
(xi) पक्षधर (xii) जलावृत्त

# प्रैक्टिस पेपर–7

## भाषा ( प्रश्नपत्र–01 )

**समय–03:00 घंटे** **अधिकतम अंक–200**

### भाग–1
### सामान्य हिन्दी
**( अधिकतम अंक–100 )**

**1. ( क ) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिये: 2**

(i) वचन
(ii) कारक

**( ख ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 5**

(i) आकाश के तारे तोड़ना
(ii) लोहा मानना
(iii) आँखों में धूल झोंकना
(iv) एक लाठी से सबको हाँकना
(v) कान का कच्चा होना

**( ग ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिये: 3**

(i) अंधे की लकड़ी
(ii) जिसकी लाठी उसकी भैंस
(iii) का वर्षा जब कृषी सुखाने
(iv) अपनी करनी पार उतरनी
(v) आम के आम गुठलियों के दाम
(vi) ईश्वर की माया, कहीं धूप कहीं छाया

**2. ( क ) निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिये: 4**

(i) इच्छा (ii) बहुत
(iii) राजा (iv) सूर्य
(v) अजनबी (vi) ईश्वर
(vii) उचित (viii) कपटी

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिये: 4**

(i) अंतरंग (ii) उत्कृष्ट
(iii) क्रिया (iv) समास
(v) आमिष (vi) अधिकृत
(vii) उन्मूलन (viii) गौरव

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिये: 4**

(i) बाईस (ii) भगत
(iii) दूध (iv) छेद
(v) कड़ुवा (vi) ईंट
(vii) चौदह (viii) गेहूँ

**3. ( क ) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिये: 6**

(i) देव+ऋषि
(ii) मन:+ताप
(iii) सु+आगत
(iv) प्रति+घात
(v) शौ + अक
(vi) विधै + अक
(vii) मधु + आचार्य
(viii) महा + ऐश्वर्य
(xi) एक + एक
(x) मानव + उचित
(xi) अप + ईक्षा
(xii) प्रति + इत

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिये: 4**

(i) विषाणु (ii) सिंहासन
(iii) अतींद्रिय (iv) इतरेतर
(v) पदोन्नति (vi) भाग्योदय
(vii) पर्यावरण (viii) सप्तर्षि

**( ग ) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कीजिये: 6**

(i) आमरण (ii) मंदबुद्धि
(iii) युधिष्ठिर (iv) नीलकंठ
(v) भरपेट (vi) जीवनभर
(vii) अत्याचार (viii) घुड़साल

## डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी तथा फ्लोचार्ट का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।

**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS

YouTube Drishti IAS

drishtiias

drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 8750187501, 011-47532596**